इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न तथा 11 मुद्रित पृष्ठ हैं।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

कोड नं० **71/SS/301/H1**

सेट **H1**

# हिन्दी
# (301)

परीक्षा का दिन व दिनांक ........................................

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ........................................

2. ........................................

---

*सामान्य अनुदेश :*

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) एवं (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
5. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 71/SS/301/H1, सेट H1 लिखें।

JAWAHAR LAL NEHRU INTER COLLEGE | 1211

# हिन्दी
## (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 34 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए *1* अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **21** से **25** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें *3* अंक के **दो** प्रश्न, *7* अंक के **दो** प्रश्न तथा *10* अंक का **एक** प्रश्न है। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या **26** से **34** तक वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। लघूत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *4* अंक के **दो** तथा लघूत्तरीय प्रश्न–2 के अंतर्गत *5* अंक के **दो** प्रश्न हैं। दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *6* अंक के **चार** तथा दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न–2 के अंतर्गत *8* अंक का **एक** प्रश्न है। इनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×20=20

**1.** 'भरत का भ्रातृप्रेम' पाठ के आधार पर लिखिए कि भरत चित्रकूट में राम को कुछ बोल क्यों नहीं पा रहे थे।

(A) प्रेम और संकोच के कारण
(B) बड़ों की उपस्थिति के कारण
(C) उपयुक्त शब्द न मिलने के कारण
(D) राम की अनुमति न मिलने के कारण

**2.** ''पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े''—'भरत का भ्रातृप्रेम' से उद्धृत इस पंक्ति में शरीर के पुलकित होने के भाव का अर्थ है

(A) बड़ों के सम्मुख कुछ न पाने की अनुभूति
(B) राम-लक्ष्मण को अपने सामने पाने की अनुभूति
(C) राम-प्रेम से उत्पन्न परमानंद की अनुभूति
(D) गुरु के आशीर्वाद से प्राप्त प्रसन्नता की अनुभूति

**3.** सूरदास रचित 'पद' की अंतिम पंक्ति ''धन्य सूर एकौ पल इहिं सुख, का सत कल्प जिए'' में कवि की किस मनोदशा की अभिव्यक्ति हुई है?

(A) दुख और निराशा
(B) भक्ति की चरम अवस्था
(C) सामान्य प्रसन्नता
(D) उदासीनता

4. मीरा द्वारा रचित 'पद' के आधार पर लिखिए कि मीरा कृष्ण को पूर्व जन्म में दिए गए वचन का स्मरण क्यों करा रही है।

(A) संसाररूपी सागर से पार उतारने के लिए

(B) इस जन्म में भी कृष्ण का सान्निध्य पाने के लिए

(C) इस जन्म में दर्शन देने की बात याद दिलाने के लिए

(D) अपने और कृष्ण के जन्म-जन्मान्तर के संबंध को दर्शाने के लिए

5. बिहारी के दोहों के संदर्भ में निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यान से पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कर लिखिए :

कथन : सोने (पीली धातु) में धतूरे से सौगुना अधिक नशा होता है।

कारण : धतूरे के तो खाने से आदमी मदहोश होता है जबकि सोना मिल जाने पर स्थिति इससे भी बुरी हो जाती है।

(A) कथन तथा कारण दोनों सही हैं।

(B) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(C) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।

(D) कारण सही है लेकिन कथन गलत है।

6. 'परशुराम के उपदेश' कविता से उद्‌धृत ''पकड़ो अयाल, अन्धड़ पर उछल चढ़ो रे!'' पंक्ति से अभिप्राय है

(A) शत्रु की गर्दन पकड़कर शत्रु सेना पर टूट पड़ो

(B) शेर की गर्दन पकड़कर उसकी पीठ पर बैठ जाओ

(C) वीर बनकर कठिनाइयों का सामना करो

(D) वीरों की भाँति आँधी-तूफानों का सामना करो

7. ''रजनी की सूनी घड़ियों को किन-किन से आबाद करूँ मैं'' पंक्ति में 'किन-किन' शब्द की आवृत्ति के कारण कौन-सा अलंकार है?

(A) अनुप्रास
(B) यमक
(C) श्लेष
(D) पुनरुक्ति प्रकाश

8. 'भेड़िया' कविता से उद्‌धृत पंक्ति ''एक-एक झाड़ी की ओर बढ़ो'' में 'झाड़ी' प्रतीकार्थ है

(A) पेड़-पौधों की प्रजाति का
(B) भेड़ियों के छिपने की जगह का
(C) शोषक वर्ग के किलों का
(D) मार्ग की रुकावटों का

9. 'चीफ़ की दावत' कहानी में शामनाथ को 'मिस्टर शामनाथ' क्यों कहा गया है?

(A) आधुनिक बनने की अत्यधिक लालसा के कारण
(B) कहानी का प्रमुख पात्र होने के कारण
(C) कहानी का सम्मानित पात्र होने के कारण
(D) कहानी को आधुनिक परिवेश देने के कारण

10. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ से उद्धृत कथन ''प्रस्ताव कोई बुरा नहीं है'' में किस प्रस्ताव की बात हो रही है?

(A) वयोवृद्धों की पुस्तकें छपवाने का
(B) वयोवृद्धों को मंदिर में स्थापित करने का
(C) वयोवृद्धों के समय व्यतीत करने का
(D) वयोवृद्धों की भोजन-व्यवस्था करने का

11. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में साहित्य का एक वयोवृद्ध अपने साथियों के पास से उठकर मंदिर के दूसरे हिस्से में क्यों चला गया था?

(A) वैचारिक मतभेद के कारण
(B) शारीरिक थकावट के कारण
(C) मित्रों द्वारा अपमानित होने के कारण
(D) संध्या-पूजन का समय होने के कारण

12. ''लड़के बाहर ऐसा आनंद कर रहे हैं और देवता बने हम मंदिर की कारा में बैठे हैं''—'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ से उद्धृत इस कथन में वयोवृद्धों के किस मनोभाव की अभिव्यक्ति दिखाई देती है?

(A) विवशता
(B) ईर्ष्या
(C) उदासीनता
(D) क्रोध

13. निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कर लिखिए :

कथन : बहिन सुभद्रा का चित्र बनाना सहज नहीं है।

कारण : चित्रों की रेखाओं के लिए उनकी भावनाओं की दीप्ति उसे असाधारण कर देती है।

(A) कथन और कारण दोनों सही हैं।
(B) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
(C) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।
(D) कारण सही है लेकिन कथन गलत है।

14. 'सुभद्राकुमारी चौहान' पाठ के अनुसार कृष्ण और गोपियों की कथा सुनकर सुभद्राकुमारी ने क्या निश्चय किया?

(A) गोपी बनकर ग्वालों के साथ कृष्ण को ढूँढने का
(B) गोपी बनकर ग्वालों के साथ वृंदावन जाने का
(C) संसार को त्यागकर कृष्ण की भक्ति करने का
(D) संसार में रहते हुए संसार से निर्लिप्त रहने का

15. 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी से उद्धृत पंक्ति ''शेर के बाल होते हैं, शेरनी के नहीं'' में 'शेरनी' प्रतीकार्थ है

(A) ताकतवर जीव का
(B) स्त्री वर्ग का
(C) जंगली जीव का
(D) हिंसक पशु का

16. 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा ने घर आए अतिथियों के सामने किस कवि/कवयित्री का भजन गाया?

(A) मीरा
(B) सुभद्राकुमारी
(C) सूरदास
(D) तुलसीदास



JAWAHAR LAL NEHRU INTER COLLEGE | 1211

**17.** 'अंडमान डायरी' पाठ के लेखक के मन में किसके प्रति पूर्वाग्रह था?

(A) स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति
(B) अंग्रेज अफसरों के प्रति
(C) वीर सावरकर के प्रति
(D) हिंदू महासभा के प्रति

**18.** 'अंडमान डायरी' पाठ के आधार पर लिखिए कि समुद्र पर मँडराती चिड़ियाँ लेखक को कैसी प्रतीत हुईं।

(A) जैसे पूर्वजों की मृतात्माएँ मँडरा रही हों
(B) जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की मृतात्माएँ मँडरा रही हों
(C) रंगबिरंगे इंद्रधनुष आकाश में तैर रहे हों
(D) रंगबिरंगी पतंगों को आकाश ने ढक रखा हो

**19.** औपचारिक पत्र का प्रकार है

(A) शुभकामना पत्र
(B) निमंत्रण पत्र
(C) धन्यवाद पत्र
(D) आवेदन पत्र

**20.** कॉलम-I के संस्कृतनिष्ठ शब्दों को कॉलम-II के बोलचाल के प्रचलित शब्दों से मिलान कर उचित विकल्प का चयन कर लिखिए :

| **कॉलम-I** | **कॉलम-II** |
|---|---|
| 1. सांविधिक | *(i)* बाकी |
| 2. आवेदन | *(ii)* कानूनी |
| 3. शेष | *(iii)* अर्जी |

(A) 1-iii, 2-i, 3-ii
(B) 1-ii, 2-iii, 3-i
(C) 1-iii, 2-ii, 3-i
(D) 1-ii, 2-i, 3-iii

**21.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में लिखिए : 1×3=3

(क) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के गोपालप्रसाद के अनुसार लड़कियों को कहाँ तक शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए?

(ख) 'चीफ़ की दावत' कहानी में शामनाथ चीफ़ को माँ से क्या बनवाकर देने की बात करता है?

(ग) 'अंडमान डायरी' में किस नाटककार का उल्लेख हुआ है?

**22.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही/गलत में दीजिए : 1×3=3

(क) भावाभिव्यक्ति के लिए पत्र साहित्य बेजोड़ है।

(ख) प्रारूप को अधिकारी से अनुमोदित करवाना आवश्यक नहीं होता।

(ग) प्राचीन समय में सूचनाएँ पहुँचाने का काम 'हरकारा' किया करते थे।



JAWAHAR LAL NEHRU INTER COLLEGE | 12110

**23.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए : 1×7=7

मेरे आने से पहले ही कोई लौटकर चला गया है
घर के ताले में उसकी पर्ची खुसी है
आया होगा न जाने किस काम से वह
न जाने कितनी बातें रही होंगी
मुझसे कहने को
चली गई हैं सारी बातें भी लौटकर उसी के साथ
रास्ते में हो सकता है कहीं उसने
पानी तक न पिया हो
सोचा होगा शायद उसने कि यहाँ
मेरे साथ पिएगा चाय
कैसा लगता है इस तरह किसी का
घर से लौट जाना

(क) कविता में किसके आने की बात कही गई है?

(A) आगंतुक के
(B) डाकिये के
(C) पड़ोसी के
(D) पिता के

(ख) घर के ताले में क्या खुसी है?

(A) चाबी
(B) पर्ची
(C) चिट्ठी
(D) मिट्टी

(ग) किसके साथ सभी बातें लौटकर चली गईं?

(A) समय के साथ
(B) मित्रों के साथ
(C) अतिथि के साथ
(D) परिवार के साथ

(घ) घर में लगा 'ताला' किस बात का प्रतीक है?

(A) घर में कोई नहीं रहता
(B) घर बंद होने का
(C) घर की सुरक्षा का
(D) ताले की चाबी खोने का

(ङ) "सारी बातें भी लौटकर उसी के साथ चली गई हैं"—इस पंक्ति से कवि के किस मनोभाव का पता चलता है?

(A) खुशी का
(B) उत्साह का
(C) क्रोध का
(D) संवेदनशीलता का



JAWAHAR LAL NEHRU INTER COLLEGE | 12110

(च) ''रास्ते में हो सकता है कहीं उसने पानी तक न पिया हो'' पंक्ति में कौन-सा भाव प्रमुख है?

(A) चिंता और प्रेम का
(B) भय और संदेह का
(C) निराशा और भय का
(D) क्रोध और उदासीनता का

(छ) ''कैसा लगता है इस तरह किसी का घर से लौट जाना'' पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि किसी का घर से लौट जाना कवि के लिए चिंता का कारण क्यों था।

(A) वह अतिथि के मन की बात नहीं जान पाया
(B) वह अतिथि को अपने मन की बात नहीं बता पाया
(C) वह अतिथि का सत्कार नहीं कर पाया
(D) उसके घर से अब तक कोई अतिथि बिना मिले नहीं लौटा

**24.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : 1×7=7

दूर पर्वतराज हिमालय की हिमाच्छादित चोटियाँ हैं वहीं कहीं भगवान महादेव समाधि लगा कर बैठे होंगे; नीचे सपाट पथरीली जमीन का मैदान है, कहीं-कहीं पर्वतनंदिनी सरिताएँ आगे बढ़ने का रास्ता खोज रही होंगी—बीच में यह चट्टानों की उबड़-खाबड़ जटाभूमि है—सूखी, नीरस, कठोर! यहीं आसन मारकर बैठे हैं मेरे चिरपरिचित दोस्त कुटज। एक बार अपने झबरीले मूर्धा को हिलाकर समाधिनिष्ठ महादेव को पुष्पस्तवक का उपहार चढ़ा देते हैं और एक बार नीचे की ओर अपनी पाताल-भेदी जड़ों को दबाकर गिरिनंदिनी सरिताओं को संकेत से बता देते हैं कि रस का स्रोत कहाँ है।

(क) गद्यांश के पाठ का नाम है

(A) अंडमान डायरी
(B) दो कलाकार
(C) जिजीविषा की विजय
(D) कुटज

(ख) गद्यांश के लेखक का नाम है

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) श्रीकांत वर्मा
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) भीष्म साहनी

(ग) 'हिमाच्छादित' शब्द का अर्थ है

(A) बर्फ़ से ढकी
(B) बर्फ़ में दबी
(C) बर्फ़ से बनी
(D) बर्फ़ में जमी

(घ) गद्यांश के माध्यम से संदेश दिया गया है

(A) हिमालय के प्राकृतिक सौंदर्य का
(B) विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष का
(C) पर्वतीय वनस्पतियों का
(D) पर्वतीय क्षेत्रों की कठिनाई का



JAWAHAR LAL NEHRU INTER COLLEGE | 12110

(ङ) लेखक ने कुटज को अपना 'चिरपरिचित दोस्त' क्यों कहा है? क्योंकि

(A) वह इसे बाल्यकाल से देखते आ रहे हैं।

(B) इसकी संघर्षशीलता से भावात्मक रूप से जुड़े हैं।

(C) उन्हें पेड़-पौधों से अत्यधिक लगाव है।

(D) यह कठिन परिस्थितियों में भी हरा-भरा है।

(च) 'सूखी, नीरस, कठोर' ये विशेषण किसके लिए प्रयुक्त हुए हैं?

(A) हिमालय की चोटियों के लिए (B) चट्टानों और पत्थरों के लिए

(C) कुटज की जड़ों के लिए (D) हिमालय की वनस्पतियों के लिए

(छ) 'मूर्धा' शब्द का अर्थ गद्यांश के संदर्भ में नहीं है

(A) सिर (B) चोटी

(C) मस्तक (D) बेजान

**25.** निम्नलिखित व्याकरण-संबंधी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×10=10

(क) मानव, स्वाधीनता (विलोम शब्द लिखिए)

(ख) बदशक्ल, निरंतरता (उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए)

(ग) डायरी विधा के शिल्प सौंदर्य की समीक्षा कर सकेंगे (विराम चिह्न लगाकर वाक्य को पुनः लिखिए)

(घ) हमारा देश प्रकृति का खूबसूरत संग्रहालय है। (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

(ङ) निम्रित, उज्जवल (शुद्ध वर्तनी लिखिए)

(च) मैंने सेल्यूलर जेल में देखा। (भाववाच्य में बदलिए)

(छ) लंबोदर (विग्रहपूर्वक समास का नाम लिखिए)

(ज) पुनर्स्मरण (संधि विच्छेद कर समास का नाम लिखिए)

(झ) सुरम्य (दो पर्यायवाची शब्द लिखिए)

(ञ) हथियार डालना (मुहावरे का वाक्य-प्रयोग कीजिए)

**26.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) सुनि मुनि बचन राम रुख पाई। गुरु साहिब अनुकूल अघाई।
लखि अपनें सिर सबु छरु भारू। कहि न सकहिं कछु करहिं बिचारू।
पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े। नीरज नयन नेह जल बाढ़े।
कहब मोर मुनिनाथ निबाहा। एहि ते अधिक कहौं मैं काहा।।

WAHAR LAL NEHRU INTER COLLEGE | 12110

अथवा

(ख) नक्शे में जंगल हैं पेड़ नहीं
नक्शे में नदियाँ हैं पानी नहीं
नक्शे में पहाड़ हैं पत्थर नहीं
नक्शे में देश है लोग नहीं
समझ ही गए होंगे आप कि हम सब
एक नक्शे में रहते हैं
हमारी पैंटों और चप्पलों से लेकर
वल्दियत और चोटों के निशान
नब्ज़ रक्तचाप और तापमान
स्वप्न और स्मृतियों सहित नप चुके हैं
और नक्शे तैयार हैं

**27.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर *50–60* शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) दुष्यंत कुमार द्वारा रचित गज़ल के आधार पर 'सूरत बदलने' का आशय स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कवि सूरत क्यों बदलना चाहता है।

(ख) 'भेड़िया' कविता से उद्धृत पंक्ति ''भेड़िया गुर्राता है, तुम मशाल जलाओ'' में 'तुम' कौन है और कवि इनसे क्या और क्यों करने के लिए कह रहा है?

(ग) बिहारी रचित ''कब को टेरत ...'' दोहे में कवि किसे और क्या उलाहना दे रहा है?

**28.** निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं
केवल इतना हो (करुणामय)
कभी न विपदा में पाऊँ भय।
दुःख ताप से व्यथित चित्त को न दो सांत्वना नहीं सही
पर इतना होवे (करुणामय)
दुःख को मैं कर सकूँ सदा जय।
कोई कहीं सहायक न मिले
तो अपना बल पौरुष न हिले;
हानि उठानी पड़े जगत में लाभ अगर वंचना
तो भी मन में ना मानूँ क्षय।।
मेरा त्राण करो अनुदिन तुम यह मेरी प्रार्थना नहीं
बस इतना होवे (करुणामय)
तरने की शक्ति अनामय।
मेरा भार अगर लघु करके न दो सांत्वना नहीं सही
केवल इतना रखना अनुनय
वहन कर सकूँ इसको निर्भय।

(क) काव्यांश में कवि किससे क्या प्रार्थना कर रहा है?



JAWAHARLAL NEHRU INTER COLLEGE | 12110

(ख) 'तरने की शक्ति' से क्या आशय है?

(ग) कहीं कोई सहायक न मिलने पर कवि की ईश्वर से क्या प्रार्थना है?

(घ) इस काव्यांश के आधार पर कवि की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) संकट के समय आप क्या करते हैं? स्पष्ट कीजिए।

**29.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) कहा नहीं, मगर देखती नहीं, कितना खुश हो गया है। कहता था, जब तेरी माँ फुलकारी बनाना शुरू करेगी, तो मैं देखने आऊँगा कि कैसे बनाती हैं। जो साहब खुश हो गया, तो मुझे इससे बड़ी नौकरी भी मिल सकती है, मैं बड़ा अफ़सर बन सकता हूँ।

माँ के चेहरे का रंग बदलने लगा, धीरे-धीरे उसका झुर्रियों-भरा मुँह खिलने लगा, आँखों में हल्की हल्की चमक आने लगी।

**अथवा**

(ख) 'मैंने हँसना सीखा है मैं नहीं जानती रोना' कहने वाली की हँसी निश्चय ही असाधारण थी। माता की गोद में दूध पीता बालक जब अचानक हँस पड़ता है, तब उसकी दूध से धुली हँसी में जैसी निश्चिंत तृप्ति और सरल विश्वास रहता है, बहुत कुछ वैसा ही भाव सुभद्रा जी की हँसी में मिलता था। वह संक्रामक भी कम नहीं थीं क्योंकि दूसरे भी उनके सामने बात करने से अधिक हँसने को महत्त्व देने लगते थे।

**30.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर *50–60* शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) चीफ़ को दावत के लिए आमंत्रित किए जाने पर शामनाथ और उसकी पत्नी की सबसे बड़ी चिंता क्या थी और क्यों? उन्होंने उसका क्या समाधान निकाला?

(ख) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(ग) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में सामाजिक व्यवस्था की कुछ रूढ़ियों और गलत परंपराओं को प्रस्तुत किया गया है। सिद्ध कीजिए।

**31.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

1984 में राकेश शर्मा के अंतरिक्ष में जाने के लगभग चार दशक बाद भारत ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पूर्ण की है। यह न केवल भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए मील का पत्थर है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमताओं का भी प्रतीक है। उनकी यह यात्रा भारतीय युवाओं के लिए असाधारण प्रेरणा का स्रोत है। उनके पिता चाहते थे कि वे प्रतिष्ठित भारतीय प्रशासिक सेवा में जाएँ किन्तु उन्होंने अपने जुनून का अनुसरण किया और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे अत्यंत चुनौतीपूर्ण क्षेत्र को चुना और एक ऐसी उत्कृष्टता प्राप्त की है जो न केवल उनके लिए संपूर्ण राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि यदि आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं और निरंतर प्रयासरत रहते हैं, तो आप अपने माता-पिता की अपेक्षाओं से भी परे जाकर ऐसी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं जो राष्ट्र के लिए महत्त्वपूर्ण और गौरवान्वित करने वाली हो।

WAHARLAL NEHRU INTER COLLEGE 12110

यह यात्रा हमें याद दिलाती है कि जब राष्ट्रीय दृढ़संकल्प, वैज्ञानिक उत्कृष्टता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एक साथ आते हैं, तो असाधारण उपलब्धियाँ संभव हो जाती हैं। भारत का अंतरिक्ष भविष्य उज्ज्वल है, और आने वाले वर्षों में हम और भी अधिक ऐतिहासिक उपलब्धियों के साक्षी बनेंगे।

(क) शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू क्या है?

(ख) शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा भारतीय युवाओं के लिए कैसे प्रेरणास्रोत है?

(ग) राकेश शर्मा के बाद शुभांशु की यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण अध्याय क्यों है?

(घ) शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा की सफलता क्या संदेश देती है?

(ङ) शुभांशु शुक्ला के पिता उन्हें किस व्यवसाय में भेजना चाहते थे?

**32.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *50–60* शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) 'सरकारी पत्र' विषय पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) प्रारूपण किसे कहते हैं? इसकी **दो** विशेषताएँ लिखिए।

**33.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *50–60* शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) प्रयोजनमूलक भाषा किसे कहते हैं? इसका प्रमुख उद्देश्य क्या है?

(ख) साहित्यिक हिंदी की **तीन** विशेषताएँ लिखिए।

**34.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *80–100* शब्दों में दीजिए : 4+4=8

(क) जनसंचार को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, क्यों? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) हिंदी को सर्वाधिक उपयोग में लाए जाने वाला कोड कौन-सा है? उसकी कार्य-प्रणाली के विषय में विस्तार से लिखिए।

★ ★ ★

JAWAHAR LAL NEHRU INTER COLLEGE | 12110